# स्मोक अलार्म

**कानून के अनुसार, विक्टोरिया में सभी आवासीय संपत्तियों में उनके घर की हरेक मंज़िल पर कम से कम एक स्मोक अलार्म लगा होना अनिवार्य है।**

**FRV और CFA टैम्पर प्रूफ चैंबर में 10-साल की लिथियम बैटरी वाले स्मोक अलार्म की सलाह देते हैं।**

- आपके घर के सभी स्मोक अलार्म आपस में जुड़े हुए (इंटरकनेक्टेड) होने चाहिए।
- ये स्टैंडएलोन (240v मेन्स पावर से नहीं कनेक्टेड) या हार्ड-वायर्ड (240v मेन पावर से कनेक्टेड) हो सकते हैं।







## हरेक महीने

- टेस्ट बटन दबाकर सुनिश्चित करें कि यूनिट काम कर रही है
- तीन बार बीप की आवाज होने तक अलार्म को दबाए रखें

## हरेक साल

- स्मोक अलार्म के कवर पर धूल झाड़ें या धीरे से पोंछें
- यदि आपके पास 9 वोल्ट बैटरी वाला स्मोक अलार्म है, तो हरेक साल बैटरी बदलें

## हरेक 10 साल में बदलें

- सभी स्मोक अलार्मों (हार्ड-वायर्ड और स्टैंडएलोन) को बदलना आवश्यक होता है

FIRE RESCUE VICTORIA

CFA


# मुझे अपना स्मोक अलार्म कहाँ लगाना चाहिए?

- स्मोक अलार्म को दीवार से कम से कम 30सेमी की दूरी पर छत पर लगाया जाना चाहिए।
- घर में सोने के हरेक क्षेत्र और बाकी हिस्सों के बीच स्मोक अलार्म होने अनिवार्य हैं।
- ऑस्ट्रेलियाई अग्निशमन सेवाएँ सभी आवासीय क्षेत्रों, हॉलवेज़ और बेडरूम्स में, या ऐसे किसी भी कमरे में स्मोक अलार्म लगाने की सलाह देती हैं, जहाँ कोई भी सोता है।
- स्मोक अलार्म ऑस्ट्रेलियाई मानक AS3786 के अनुसार होने अनिवार्य हैं।

Certified Product™
Australian Standard

**ये सोने के क्षेत्रों और घर के बाकी हिस्सों के बीच लगे होने अनिवार्य हैं**

**आप अतिरिक्त सुरक्षा के लिए इन अतिरिक्त स्थानों पर स्मोक अलार्म लगा सकते/ती हैं**




केवल कारगर स्मोक अलार्म ही जीवन की रक्षा करते हैं।
स्मोक अलार्म के बारे में और अधिक जानकारी के लिए यहाँ स्कैन करें।

**अग्नि सुरक्षा के बारे में और अधिक जानकारी के लिए frv.vic.gov.au/cfa.vic.gov.au पर जाएँ।**